# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक :– 506 दिनांक :– 20/6/2025

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

**विषय :–** **मेसर्स बी0सी0सी0एल0 की मुराईडीह कोलियरी परियोजना हेतु कुल 133.69 हे0 (46.17 हे0 वनभूमि एवं 87.52 हे0 जंगल–झाड़ी) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/44804/2020) के संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक 106 दिनांक 03.02.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि बी0सी0सी0एल0 की मुराईडीह कोलियरी परियोजना हेतु कुल 133.69 हे0 (46.17 हे0 वनभूमि एवं 87.52 हे0 जंगल–झाड़ी) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/44804/2020) में कमियाँ रहने के कारण इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा पृच्छा की गयी थी। इस संबंध में आपके द्वारा उक्त पृच्छा का दिनांक 13.06.2025 को ऑनलाईन निराकरण इस कार्यालय को अग्रसारित किया गया है, परन्तु उसकी हार्ड कॉपी अबतक इस कार्यालय में अप्राप्त है। फलतः यह प्रस्ताव परिवेश पोर्टल पर दिनांक 13.06.2025 से नोडल स्तर पर लंबित है।

विषयगत प्रस्ताव में निम्नवत् बिन्दुओं पर कार्रवाई अपेक्षित है :–

1. परिवेश–1.0 में वन संरक्षण अधिनियम के तहत् समर्पित वनभूमि अपयोजन प्रस्तावों में झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पत्रांक 4542 दिनांक 08.10.2014 (छायाप्रति संलग्न) में यह दिशानिर्देश निर्गत है कि "संबंधित वन संरक्षक द्वारा प्रस्ताव/ अनुपालन प्रतिवेदन नोडल पदाधिकारी के भेजने के पूर्व संचिका पर क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक से अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा एवं इसका उल्लेख हार्ड कॉपी में किया जायेगा।" परन्तु इसका अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया गया है।

   इस संबंध में प्रस्ताव अपलोड करने के पूर्व राज्य सरकार के उक्त निर्णय का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है।

2. विदित हो कि विषयगत परियोजना परिवेश–1.0 से संबंधित है, जिसमें प्रस्ताव एवं संबंधित पृच्छाओं एवं Approval में लगाये गये शर्त्तो का ऑनलाईन निराकरण एवं उसकी हार्ड कॉपी समर्पित किये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में निराकरण का हार्ड कॉपी समर्पित किया जाना अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये प्रासंगिक पत्र द्वारा की गयी पृच्छाओं का निराकरण प्रतिवेदन हार्ड कॉपी सहित इस कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**अनु0:– यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

ह0/–

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक :– 506 दिनांक :– 20/6/2025

प्रतिलिपि :– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो / वन प्रमंडल पदाधिकारी, धनबाद वन प्रमंडल, धनबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/6/25

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

20-6

E:\ANUJ\Nitish\BCCL\Muraidih Colliery (133.69 Ha)\Muraidih.docx